सामुदायिक सिंचाई परियोजनाओं के लिए हालैंड से सहायता

3508. **श्री अजीत जोगी :**
चौधरी हरिसिंह :

क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार को हौलैंड की सहायता से विभिन्न राज्यों में क्रियान्वित की जा रही सामुदायिक सिंचाई परियोजना का और अधिक जिलों तक विस्तार करने से संबंधित कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री और जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री पी.के. थुंगन : (क) से (ग) इस समय नीदरलैंड की शुरू की जानेवाली सहायता परियोजना नामशः केरल समुदाय सिंचाई परियोजना, भारत सरकार और नीदरलैंड सरकार के बीच समझौते पर हस्ताक्षर होने के उन्नत स्तर में है। यह परियोजना लाभ-ग्राहियों के व्यापक सहयोग से त्रिचुर जिले में शुरू की जानी है। राज्य सरकार पार्श्व पत्र पहले ही अनुमोदित कर चुकी है। इसके अलावा, नीदरलैण्ड की सहायता के बारे कोई अन्य निर्माणाधीन अथवा प्रस्तावित सामुदायिक सिंचाई परियोजना इस मंत्रालय में प्राप्त नहीं हुई है।

वरिष्ठ नागरिक पेंशन योजना

3509. **श्री कृष्णलाल शर्मा** : क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में वरिष्ठ नागरिक योजना आरम्भ करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, क्या सरकार का सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन के तौर पर मानद वेतन देने से संबंधित कोई प्रस्ताव है तथा उन्हें और क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का विचार है ; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) : (क) से (ग) इस समय वरिष्ठ नागरिकों के लिए कोई नई योजना शुरू करने और सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन के तौर पर मानद वेतन देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है।

राज्य सरकारों द्वारा निराश्रित वयोवृद्धों तथा संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को सांविधिक पेंशन के लिए कार्यान्वित की जा रही अनेक पेंशन योजनाओं के अतिरिक्त, केन्द्रीय सरकार ने वयोवृद्धों के कल्याण में स्वैच्छिक संगठनों की सहायता देने के लिए 8वीं योजना के अंतर्गत एक योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत, वयोवृद्धों के लिए वृद्धावस्था गृहों, दिवा देखभाल केन्द्रों की स्थापना करने संचल चिकित्सा सेवाओं तथा गैर-संस्थागत सेवाओं को समर्थन देने एवं सुदृढ़ करने के लिए स्वैच्छिक संगठनों को सहायता-अनुदान दिया जाता है। इस योजना के अंतर्गत अभी तक 50 वृद्धावस्था गृह तथा 147 दिवा देखभाल केन्द्र स्थापित किए गए हैं। यह उपाय उन कार्यक्रमों के अतिरिक्त है जो स्वैच्छिक संगठनों द्वारा स्वयं वयोवृद्धों के कल्याण हेतु चलाए जाते है। वयोवृद्ध जनसंख्या के सभी क्षेत्रों तक पहुंचने के प्रयास किए जा रहे हैं जिन्हें राज्य द्वारा देखभाल की आवश्यकता है।

NATIONAL POLICY ON AGED PERSONS

3510. **SHRI H. HANUMANTHAPPA** : Will the Minister of **WELFARE** be pleased to state :

(a) whether Government propose to formulate any National Policy on aged persons;

(b) whether Government have sought views of the State Governments, Union Territory Administrations and others on the draft of National Policy on the Welfare of the aged;

(c) if so, whether their views have since been received and examined by Government;